जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक :डॉ. शेखर सिंह बघेल
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 87
दिनांक 15.05.2023

उद्यमी एवं किसानों के लिए मधुमक्खी पालन एक बेहतर आमदनी का विकल्प –डॉ. अतुल श्रीवास्तव

जनेकृविवि में मधुमक्खी पालन पर जागरुकता कार्यक्रम ''हनी बी वीक'' 15 से 22 मई 2023 का भव्य उद्घाटन

जबलपुर 15 मई, 2023। आजादी के अमृत महोत्सव एवं जी–20 के अंतर्गत के जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से कृषि महाविद्यालय जबलपुर स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में मधुमक्खी पालन पर जागरुकता कार्यक्रम हनी बी सप्ताह 15 से 22 मई, 2023 का भव्य उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन, विश्व मधुमक्खी दिवस 20 मई के उपलक्ष में कीटशास्त्र विभाग, नाहेप एवं जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में उद्घाटन अवसर के मुख्यअतिथि अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि उद्यमी एवं किसानों के लिए मधुमक्खी पालन एक बेहतर आमदनी हेतु मददगार साबित हो सकता है। आपने मधुमक्खी पालन में नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हुए, बेहतर लाभ एवं आय प्राप्त करने की बात पर जोर देते हुए, इस जागरूकता कार्यक्रम की भूरि–भूरि प्रशंसा की। हनी बी जागरूकता कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. पी.बी.शर्मा ने कहा कि मधुमक्खी पालन समस्त प्रकार की फसलों में मधुमक्खियों के परागण के माध्यम से बेहतर उत्पादन क्वालिटी एवं क्वांटिटी में प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्ताव, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. पी.बी. शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, नाहेप प्रमुख डॉ. आर.के. नेमा, डॉ. आर.के. समैया, डॉ. ए.के. सक्सेना, मंचासीन रहे।

स्वागत उद्बोधन कीट शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष एवं एनवायरमेंट सस्टेनेबिलिटी प्लान के प्रमुख डॉ. एस. बी. दास ने कहा कि विश्व मधुमक्खी दिवस के उपलक्ष्य में हनी बी सप्ताह 15 से 22 मई 2023 तक आयोजित किया जा रहा है। इसमें मधुमक्खी पालन हेतु जागरूकता कार्यक्रम कृषि महाविद्यालय के एमएससी एवं पीएचडी के छात्र एवं छात्राओं हेतु आयोजित किया गया है। इसके साथ ही जबलपुर शहर के विभिन्न महाविद्यालयों में आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत 16 मई 2023 को गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, 17 मई सेंट अलॉयसियस कॉलेज, 18 मई माता गुजरी कॉलेज, 19 मई हाऊबाग कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

गौरतलब है कि मधुमक्खी पालन एवं जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मधुमक्खी की विभिन्न प्रजातियां, दिनचर्या, मधुमक्खी पालन की शुरुआत कैसे करें, स्थापना, उपयोगी, उपकरण, विभिन्न प्रकार के मधुमक्खी के उत्पाद, उनका मूल्य संवर्धन, मधुमक्खी कॉलोनियों का मैनेजमेंट आदि की जानकारी हार्वेस्टिंग, प्रोसेसिंग, संग्रह एवं मार्केटिंग इसके साथ रिमोट सेंसिग एवं जियोग्राफिकल, इंडिकेटर सिस्टम की जानकारी के साथ ही हनी का औषधियों उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। मधुमक्खी कि जागरुकता कार्यक्रम का 20 मई विश्व मधुमक्खी दिवस के उपलक्ष पर राजा भोज शासकीय कृषि महाविद्यालय मुरझर फार्म बालाघाट में आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा हनी बी वीक का समापन 23,मई 2023को विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। कार्यक्रम के दौरान छात्र–छात्राओं ने विश्वविद्यालय स्थित औषधीय व संगध पौध के उद्यान में पहुंचकर भ्रमण किया और मधुमक्खी पालन की व्यावहारिक एवं महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम का संचालन छात्रा कुमारी श्रद्धा परमार एवं आभार प्रदर्शन एसआरएफ नाहेप डॉ.अंजली पटेल ने किया। इस अवसर पर डॉ. वाय.के. तिवारी, डॉ. एम.के. अवस्थी, डॉ. संजय वैशम्यापन, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. शेखर सिंह बघेल, डॉ. आर.एस. मरावी, सहित विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक एवं छात्र–छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।